विरोध | एसपी कार्यालय में ग्रामीणों ने की शिकायत, कार्रवाई की मांग, उग्र आंदोलन की चेतावनी

# गांव-गांव पैकारी, गली-गली बिक रही शराब





**नवभारत, कटनी।** जिले के बिलहरी चौकी क्षेत्र के कैमुरी गांव की दर्जनों महिलाओं ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर गांव में चल रही शराब की अवैध पैकारियों को तत्काल बंद कराने और माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसपी कार्यालय पहुंचीं मीराबाई, रामकिशोरी और अन्य महिलाओं ने बताया कि गांव में खुलेआम अवैध शराब बिक रही है। इससे छोटे बच्चे और युवा नशे की लत में फंसते जा रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि शराबखोरी की वजह से आए दिन घरों में झगड़े हो रहे हैं। उनके पति नशे के आदी हो चुके हैं, जिससे घर में पैसे की तंगी तो बनी ही है, साथ ही वे मारपीट और प्रताड़ना भी झेलने को मजबूर हैं। महिलाओं ने बताया कि इससे पहले भी वे स्थानीय थाने में कई बार शिकायत कर चुकी हैं और चक्काजाम भी कर चुकी हैं। तब अधिकारियों ने कार्रवाई का भरोसा दिया था, लेकिन ज़मीन पर कोई बदलाव नहीं हुआ। एक साल से परेशान महिलाओं ने चेतावनी दी है कि अगर इस बार भी सिर्फ आश्वासन ही मिला और ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगी।

वहीं ग्राम पंचायत सिंहुड़ी के निवासियों ने गांव में हो रहे अवैध शराब कारोबार के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को काफी संख्या में ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और अवैध महुआ शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि गांव के सपेरा नागनाथ समुदाय के मोहल्ले में, जो कि शासकीय प्राथमिक-माध्यमिक विद्यालय, पंचायत भवन और आंगनवाड़ी केंद्र के समीप है, खुलेआम कच्ची महुआ शराब बनाई और बेची जा रही है। इसके कारण शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। साथ ही गांव के नाबालिग बच्चे भी नशे की लत में फंस रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शराब निर्माण के बाद बचे जहरीले महुआ लाहन को खुले में फेंक दिया जाता है। इस जहरीले अवशेष को खाने से हाल ही में कुछ गायों की असमय मौत भी हो चुकी है। इसके अलावा, अवैध ठिकाने पर दिन-रात असामाजिक तत्वों और पियक्कड़ों का जमावड़ा रहने से अभद्र भाषा, विवाद और उपद्रव का माहौल बना रहता है। राममिलन, संजय, रोहित सहित कई ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस-प्रशासन 15 दिनों के भीतर इस अवैध शराब अड्डे को बंद कराकर सख्त कार्रवाई नहीं करता है, तो पूरा गांव सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन और चक्का जाम करने के लिए बाध्य होगा।



# अफवाहों पर नहीं दें ध्यान, शांति से मनाए त्यौहार

**विजयराघवगढ़ थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक**

**नवभारत, विजयराघवगढ़।** जिले के थाना विजयराघवगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, तहसीलदार मनीष शुक्ला उपस्थित जन सामान्य, क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं और शांति समिति के सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान आगामी त्यौहारों के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलूस, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था सहित विभिन्न आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई। तहसीलदार मनीष शुक्ला ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने, सोशल मीडिया का जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग करने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि और कानून-व्यवस्था संबंधी सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी कमल मौर्य और एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में थाना विजयराघवगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। आपको बता दें कि आगामी त्यौहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण, सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से विजयराघवगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

## एक नजर में

### वाहन चालकों के काटे गए चालान, वसूला जुर्माना

**नवभारत, कटनी।** त्योहार के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों और अव्यवस्था फैलाने वाले तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए पुलिस ने आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हुए ड्रोन कैमरे का उपयोग भी कर रही है। यातायात थाना प्रभारी अनूप सिंह के नेतृत्व में लगातार कार्रवाई की जा रही है। रॉन्ग साइड वाहन चालन, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी, क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाले ऑटो, ओवरलोड पिकअप वाहनों, बिना नंबर प्लेट के दौड़ते वाहनों और मॉडिफाइड साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले बुलेट चालकों पर ड्रोन से सीधी नजर रखी जा रही है। विशेष सघन चेकिंग अभियान में नियमों का उल्लंघन करने वाले 64 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए लगभग 45 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से नियम विरुद्ध वाहन चलाने वालों में हड़कंप मच गया। शराब पीकर सड़क पर वाहन दौड़ाने वाले 3 चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। बिना नंबर प्लेट वाली बुलेट, नाबालिग चालकों और कर्कश आवाज वाले साइलेंसर लगे वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# डीपीएस के छात्रों ने ऊकेरी राखी की तरह आकृतियां

**डीपीएस में आयोजित की गई राखी बनाओ प्रतियोगिता**



**नवभारत, कटनी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा पहली से चौथी तक के विद्यार्थियों के लिए किया गया। सभी विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया। भारतीय धर्म संस्कृति के अनुसार रक्षाबन्धन का त्योहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा का बन्धन बांधती है, जिसे राखी कहते हैं। बच्चों ने इस प्रतियोगिता में राखी की तरह - तरह की आकृतियां ऊकेरी, राखी बनाने में बच्चे बहुत उत्साहित दिखे। बच्चों ने रेशम के धागे, कुंदन, गत्ते,कलर्स, टेप, ग्लिटर शीट, कलर टेप, रुई, कांच, पेपर का प्रयोग करके सुंदर-सुंदर मनमोहक राखियाँ बनाई। किसी ने मोतियों की लड़ी चिपका कर राखी बनाई तो किसी ने मोर का पंख प्रयोग कर आकर्षित राखी बनाई, किसी ने बिंदियों को सुनिश्चित ढंग से तैयार कर राखियां बनाई। प्रतियोगिता की निर्णायक श्रीमती अनुराधा नायक थीं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई राखियों का अवलोकन कर उनकी रचनात्मकता, सजावट और मौलिकता के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपनी कला एवं सृजनात्मक कौशल प्रदर्शित करने का सुंदर अवसर प्रदान किया प्राचार्या श्रीमती सीमा दुबे, उपप्राचार्या श्रीमती शबनम अख्तर ने राखियों का अवलोकन करते हुए रक्षाबंधन के पर्व का महत्व बताया।

विद्यालय के निर्देशिका श्रीमती जूही जैन नए बच्चों के उत्साह की तारीफ करते हुए उनके उज्जवल की भविष्य की कामना की।

# चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार, घर में घुसकर की थी वारदात

**उमरियापान पुलिस ने की कार्रवाई, चोरी की सामग्री बरामद**



**नवभारत, उमरियापान।** संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत उमरियापान पुलिस ने चोरी के एक मामले का त्वरित खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद किए हैं।

उमरियापान थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी तक पहुंच बनाई। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया वर्षा लोधी निवासी पकारिया ने थाना उमरियापान में शिकायत दर्ज कराई थी कि 4 अगस्त की दरमियानी रात अज्ञात चोर उनके घर में घुसा और सोने-चांदी के जेवरात से भरी पेटी चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की। विवेचना के दौरान प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि अजीत उर्फ जित्तू कोल का उनके घर लगातार आना-जाना था और उन्होंने उस पर संदेह व्यक्त किया। पुलिस ने संदेह के आधार पर अजीत उर्फ जित्तू कोल पिता बल्लू कोल, निवासी बरौदा, थाना उमरियापान को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की वारदात करना स्वीकार कर ली है। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात बरामद कर लिए । गिरफ्तारी के बाद आरोपी अजीत उर्फ जित्तू कोल को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उसे जिला जेल भेज दिया गया।

कार्रवाई में और चोरी की सामग्री बरामद करने में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक महेंद्र जायसवाल, उपनिरीक्षक भरत सिंह मार्को, प्रधान आरक्षक आशीष झारिया, प्रधान आरक्षक अजय तिवारी, आरक्षक सतेन्द्र चौरसिया, आरक्षक नीलेश पटेल, आरक्षक मोहन मुबेल, आरक्षक रोहित झारिया सहित थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही। पूरी कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी कमल मौर्य और एसडीओपी स्लीमनाबाद आकां क्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई।

# देश भंडार, गोलू रेस्टारेंट, बीकानरे मिष्ठान से लिए गए खाद्य सामग्री के नमूने

**खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की जांच**



**नवभारत, कटनी।** त्योहारों और बढ़ती खाद्य खपत के बीच नागरिकों को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में निगरानी और नमूना कार्रवाई तेज कर दी है। सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। इसी अभियान के तहत विभागीय टीम ने कटनी शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। सुभाष चौक स्थित देश भंडार में निरीक्षण के दौरान मिलावट की आशंका के चलते मैगज लड्डू, बूंदी लड्डू, खोया, सेलिब्रेशन पैक, सोनपापड़ी और कलाकंद के नमूने लिए गए। वहीं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित गोलू रेस्टोरेंट से लड्डू, नमकीन और काजू कतली के नमूने संकलित किए गए। स्टेशन रोड स्थित बीकानेर मिष्ठान भंडार से कलाकंद के नमूने लिए गए। कोजी स्वीट्स के निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता को लेकर संदेह उत्पन्न होने पर लड्डू, बूंदी लड्डू,और नमकीन के नमूने नियमानुसार लिए गए।

# अवैध कॉलोनाइजरों पर दर्ज कराएं एफआईआर

**नगर निगम आयुक्त ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा**



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम की समय-सीमा बैठक में सोमवार को निगमायुक्त तपस्या परिहार ने लंबित प्रकरणों और शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एमआईसी सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने कार्यों की रोजाना समीक्षा करने और टीएल पत्रों पर एक सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत कर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने ई-ऑफिस व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिन विभागों का पंजीयन हो चुका है, वे नस्तियों का संचालन अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस के माध्यम से करें। शेष विभागों में भी ई-ऑफिस व्यवस्था को शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण, समग्र की आधार से लिंकिंग, ई-केवाईसी में तेजी और लंबित टीएल प्रकरणों को प्राथमिकता से पूरा करने पर भी विशेष जोर दिया गया। निगम की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को निर्धारित अवधि में पूरा कराने के लिए निगमायुक्त ने प्रत्येक प्रोजेक्ट की स्पष्ट समय-सीमा तय करने के निर्देश दिए।

पेयजल आपूर्ति, सब्जी मंडी, मीट मार्केट और डेयरी विस्थापन सहित अन्य परियोजनाओं की चरणवार समीक्षा करते हुए नियमित मॉनिटरिंग और समय पर कार्य पूर्ण कराने को कहा गया। विलंब होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करने के भी निर्देश दिए। वर्षा ऋतु में जलजमाव औरप मौसमी बीमारियों की आशंका को देखते हुए निगमायुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था और जलभराव की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को कीटनाशक छिड़काव और फॉगिंग अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

नागरिकों के सुगम आवागमन के लिए आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई में भी तेजी लाने को कहा गया। वार्ड क्रमांक 22 और 39 में स्वच्छता कर्मियों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित वार्ड दरोगाओं को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। अवैध कॉलोनियों, फायर सेफ्टी, जर्जर भवनों और स्वीकृति के विपरीत निर्मित भवनों की समीक्षा के दौरान कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। लंबित अवैध कॉलोनी प्रकरणों में संबंधित थानों से समन्वय कर एफआईआर की कराने के लिए कहा गया है।

# छात्रों में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करती राष्ट्रीय सेवा योजना

**नवप्रवेशित छात्रों का एनएसएस में कराया गया पंजीयन**



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीयन कराया गया । इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, गतिविधियों और समाजसेवा के क्षेत्र में इसकी भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिलाषा चौरसिया ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थी महाविद्यालयीन गतिविधियों के साथ-साथ समाज और आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता और सेवा कार्यों में सहभागिता करते हैं। उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को एनएसएस से जुड़कर समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया । साथ ही विद्यार्थियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विषयों पर कार्य करने की जानकारी दी गई।

पंजीयन कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करने की इच्छा व्यक्त की । महाविद्यालय परिवार की ओर से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई ।

## जिले में 653 मिमी बारिश

**नवभारत, कटनी।** जिले में 1 जून से 25 अगस्त तक कुल 653.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू अभिलेख अधीक्षक मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि कटनी तहसील में 578.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 775.3 मिमी, बड़वारा तहसील में 441.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 499.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 605.2 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 610.9 मिलीमीटर, स्लीमनाबाद तहसील में 987.4 मिलीमीटर और ढीमरखेड़ा तहसील में 724.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।



# बरसात में कीचड़ से सड़क बदहाल, ग्रामीण परेशान

**कलेक्टर के आश्वासन के बाद भी नहीं हुआ मार्ग का सुधार**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** सिलौंडी सोसाइटी के बाजू से बसेहरा जाने वाले घनहन मार्ग की बदहाली से क्षेत्रीय किसान बेहद परेशान हैं। सड़क पर जमा भारी कीचड़ के कारण किसानों का खेतों तक पैदल जाना भी दूभर हो गया है। सड़क की मरम्मत न होने से समय पर खेतों की देखभाल नहीं हो पा रही है, जिससे किसानों की फसलें चौपट होने की कगार पर पहुंच गई हैं। प्रशासनिक उपेक्षा का आलम यह है कि हाल ही में आयोजित जन विश्वास अभियान के दौरान किसानों ने कलेक्टर को स्वयं इस मार्ग का निरीक्षण कराया था। जिसके बाद कलेक्टर ने समस्या की गंभीरता को देखते हुए मार्ग पर तत्काल मुरूम डलवाने का ठोस आश्वासन दिया था। 10 दिन बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है और प्रशासनिक वादा सिर्फ हवा-हवाई साबित हुआ। इस मार्ग से प्रतिदिन किसानों का आना-जाना होता है। सड़क में सुधार न होने से अन्नदाताओं में गहरा आक्रोश और निराशा व्याप्त है। किसानों ने चेतावनी दी है कि जल्द घनहन मार्ग में मुरूम डालकर आवागमन सुचारू नहीं किया गया, तो वे चुप नहीं बैठेंगे और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

कार्यक्रम | सावन में गहोई एकता महिला मंडल ने मनाया झूला उत्सव

# दीया बनाओ और बांसूरी सजाओ प्रतियोगिता, सामाजिक एकता का प्रतीक बना झूला उत्सव



**नवभारत, कटनी।** श्री गहोई एकता महिला मंडल द्वारा सावन मास के शुभ अवसर पर झूला उत्सव और भजन जैमिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों और काफी संख्या में महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के सरपंच हजारीलाल नौंगरैया, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, एकता मंडल की श्रीमती मनीषा कनकने, श्रीमती स्नेहलता सेठिया, श्रीमती अर्चना कनकने, श्रीमती उदिता चौदहा, श्रीमती रश्मि मसूरहा और श्रीमती शिल्पी सोनी सहित समाज के गणमान्यजनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। नन्ही बालिका ईवा लहरिया ने सुंदर गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर दिया बनाओ और बांसुरी सजाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दिया बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवानी डेंगरे, द्वितीय स्थान श्रीमती रागिनी सरावगी और तृतीय स्थान श्रेया पहारिया ने प्राप्त किया। वहीं बांसुरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीमती रीना कुचिया, द्वितीय स्थान सारिका चौदहा और तृतीय स्थान शिवानी डेंगरे ने प्राप्त किया। दिया बनाओ प्रतियोगिता में श्रीमती श्रेया लहरिया और श्रीमती मेघा कनकने को विशिष्ट पुरस्कार दिए गए। निर्णायक मंडल द्वारा निष्पक्ष निर्णय किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रीता सेठिया और श्रीमती मनीषा कनकने ने किया। कार्यक्रम की मुख्य प्रभारी श्रीमती शिल्पी सोनी, श्रीमती रीता सेठिया, श्रीमती प्रीति सुहाने, प्रियंका सेठिया और कीर्ति बिल्लैया रहीं।

झूला उत्सव में संस्था की श्रीमती कुमुद चौदहा, आभा नौंगरैया, संगीता लहरिया, आरती त्रिसोलिया, रीना चौदहा, साधना सेठिया, रीना आनंद चौदहा, राखी गुप्ता, ममता चौदहा, अंशु चौदहा, सारिका कनकने, नीता कनकने, मोहिनी त्रिसोलिया, मीता चौदहा, रोशनी टीपा, पूनम त्रिसोलिया सहित अनेक सदस्यों की उपस्थिति रही। सभी सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उत्सव प्रेम, भक्ति, उमंग और सामाजिक एकता का सुंदर प्रतीक बना। मंडल द्वारा सभी सहयोगियों और उपस्थितजनों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया।